समाचार

डामरीकरण व सीमेंट कांक्रीट कर दर्जनों सड़कों की दशा सुधारी निगम ने

(निगम द्वारा लगातार किए जा रहे सड़कों की मरम्मत के कार्य)

कोरबा 04 नवम्बर 2019 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने विभिन्न जोन के अंतर्गत स्थित मुख्य मार्गो व आंतरिक सड़कों की मरम्मत के कार्य लगातार किए जा रहे हैं, डामरीकरण व सीमेंट कांक्रीट के माध्यम से दर्जनों सड़कों की मरम्मत के कार्य पूरे कर निगम ने इन सड़कों की दशा सुधारी है तथा आवागमन को सुगम बनाया है, सड़क मरम्मत एवं सुधार के यह कार्य आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

बारिश के दौरान अधिक वर्षा व पानी के बहाव के कारण निगम क्षेत्र की अनेक सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थी एवं उन पर गड्ढे बन गए थे। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं आयुक्त श्री राहुल देव के द्वारा इन क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के कार्य किए जाने के निर्देश समय–समय पर जोन कमिश्नरों को दिए गए, प्राप्त निर्देशों के तहत निगम द्वारा सड़क मरम्मत के कार्य डामरीकरण व सीमेंट कांक्रीट के माध्यम से लगातार किए जा रहे हैं। इस कड़ी में बुधवारी बाजार महारणा प्रताप चौक से घंटाघर की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग बारिश के पानी के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था, निगम द्वारा डामरीकरण के माध्यम से उक्त सड़क के मरम्मत का कार्य कराया गया है। इसी प्रकार महाराणा प्रताप चौक बुधवारी से तिलक भवन गुरूघासीदास चौक की ओर जाने वाली सड़क का भी डामरीकरण के माध्यम से मरम्मत व सुधार कार्य किया गया है। जैन चौक से सरस्वती शिशु मंदिर व तानसेन चौक की ओर जाने वाली व्हीआईपी रोड में भी निगम द्वारा डामरीकरण का कार्य कराया गया तथा इस मार्ग में आवागमन को सुगम बनाया गया। इसी प्रकार साकेत भवन के सामने से तहसील कार्यालय की ओर जाने वाली सड़क जो क्षतिग्रस्त हो गई थी, में भी निगम द्वारा डामरीकरण का कार्य किया गया, जो अभी भी जारी है। निगम द्वारा इसके पूर्व इमलीडुग्गू से बरबसपुर की ओर जाने वाले कोरबा चांपा मुख्यम ार्ग में बन गए सैकड़ों छोटे–बड़े गड्ढ़ों को भरकर निगम सीमा के अंदर उक्त मार्ग का मरम्मत का कार्य कराया गया तथा इस मुख्य मार्ग में आवागमन को सुविधापूर्ण बनाया गया। इसी प्रकार दर्री जोन के

अंतर्गत श्यामानगर लाटा, कुमगरी आदि मार्गो में भी सड़कों के गड्ढें भरने व सीमेंट कांक्रीट के माध्यम से सड़कों की मरम्मत के कार्य निगम द्वारा कराए गए हैं, वहीं टी.पी.नगर जोन के अंतर्गत आने वाली विभिन्न सड़कों में स्थित गड्ढों को सीमेंट कांक्रीट के द्वारा भरकर सड़क मरम्मत के कार्य कराए गए हैं, जो आगे भी जारी रहेंगे।

केनाल रोड में होगा डामरीकरण – निगम के सहायक अभियंता श्री डी.सी.सोनकर ने बताया कि कोरबा जोन के अंतर्गत आने वाले केनाल शनि मंदिर रेलवे स्टेशन रोड में डामरीकरण का कार्य प्रारंभ कराने हेतु सड़क सफाई का कार्य पूर्ण किया गया है तथा 05 नवम्बर को इस मार्ग का डामरीकरण कार्य किया जाएगा, इस कार्य के पूर्ण होने के पश्चात कोरबा जोन के वार्ड क्र. 04 एवं 06 रानी रोड क्षेत्र में भी डामरीकरण के माध्यम से सड़क मरम्मत का कार्य कराया जाएगा, उन्होने बताया कि जोन के अंतर्गत सभी मरम्मत योग्य सड़कों के मरम्मत व सुधार के कार्य किए जाने हैं तथा इस दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।